# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## पुनरावृत्ति पत्रिका (2018–19)

कक्षा : चौथी    विषय–हिन्दी

उपविषय– पाठ–10 बीरबल की चतुराई, पाठ–11 धर्मशाला की सैर, पाठ–12 समय (कविता), पाठ–13 डायरी के कुछ पन्ने, पाठ–14 पटाखों से तौबा, पाठ–15 नीम (कविता)
व्याकरण– क्रिया तथा काल, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, अशुद्धि शोधन, भिन्नार्थक शब्द, मुहावरे, पर्यायवाची, विलोम शब्द, अपठित काव्यांश, रचनात्मक लेख (पत्र लेखन, अनुच्छेद लेखन), अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश ।

प्र01 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

कौन ऐसा व्यक्ति होगा, जो अपने देश से प्रेम नहीं करता होगा? अपने देश से प्रेम करना यह एक स्वाभाविक बात है। अपने देश का वातावरण, जलवायु, परिस्थितियाँ आदि चाहे जैसी भी हों हर व्यक्ति को अपने देश से प्रेम होता ही है। देश के सच्चे वीर वे होते हैं, जो अपनी मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की बलि तक चढ़ा देते हैं, देशभक्ति कोई अंधविश्वास या ऊपर से थोपी गई भावना नहीं है। सच्ची देशभक्ति की परीक्षा संकट काल में होती है। देश पर जब किसी भी तरह का संकट आता है, तो सच्चा देशभक्त देश की रक्षा के लिए अपना तन, मन, धन सब कुछ देश पर अर्पित कर देता है। देशभक्ति एक पवित्र भावना है। यह वह भावना है, जो सारे देश को एक सूत्र में बाँधती है। इस भावना में स्वार्थ की भावना बिलकुल भी नहीं होती। सच्ची देशभक्ति धर्म, भाषा, जाति आदि किसी भी तरह का भेद–भाव बरदाशत नहीं करती। देशभक्ति की भावना ''जियो और जीने दो'' की भावना को आगे करके चलती है। जिस तरह हमें अपने देश से प्यार होता है। उसी तरह दूसरों को भी अपने देश से प्यार होता है। सच्चे देश प्रेम का मतलब है सब से प्रेम करें ।हम अपना तो विकास करें हीं, औरों को भी विकसित होने का अवसर दें।

क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–
1. देश के सच्चे वीर कौन होते हैं?
2. देशभक्ति की भावना हमें क्या सिखाती है?

ख. निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए–
1. अवसर – मौका, मतलब
2. भाषा – प्यार, बोली

ग. सही (√) या गलत (×) का निशान लगाइए–
1. सच्ची देशभक्ति की परीक्षा संकट काल में होती है। ( )
2. देशभक्ति वह भावना है जो हमें दूसरों से अलग करती है। ( )

घ. निम्नलिखित वाक्यों में सही विकल्प चुनकर लिखिए–
1. सच्ची देशभक्ति किसे बरदाशत नहीं करती?
   क. भेद–भाव को    ख. प्रेम–भाव को
2. देशभक्ति की भावना हमें किसमें बाँधती है?
   क. जेल में    ख. एक सूत्र में

प्र02 निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

खड़े–खड़े मुसकाते पेड़ ।
कहीं न आते–जाते पेड़ ।।
जंगल हो या तड़क–भड़क हो,

पर्वत–घाटी, खुली सड़क हो।
बादल बिजली तेज़ कड़क हो,
किंतु नहीं घबराते पेड़,
सैनिक से डट जाते पेड़ ।।
हरे–गुलाबी गहने पहने,
खुशबूवाले फूल खिलाते।
लेकिन थोड़ा–सा झुक जाते,
सज्जनता के नाते पेड़ ।
फूले नहीं समाते पेड़ ।।
कड़ी धूप में बनते साया।
सारा जीवन सरस बनाया।
पेड़ों की है अद्भुत माया ।
पहले वर्षा लाते पेड़ ।
फिर छतरी बन जाते पेड़ ।।

**क. सही उत्तर पर सही (√) का निशान लगाइए–**

1. पेड खड़े–खड़े क्या करते हैं?
   क. गाना गाते हैं     ख. मुसकाते हैं
2. किसकी तरह पेड़ डटे रहते हैं?
   क. सैनिक की तरह   ख. दीवार की तरह
3. पेड़ों ने किस रंग के गहने पहने हैं?
   क. हरे–गुलाबी     ख. नीले–पीले
4. पेड़ हमारे लिए क्या लाते हैं?
   क. वर्षा     ख. सूखा
5. पेड़ों ने हमारा जीवन क्या बनाया है?
   क. दुखी बनाया     ख. सरस बनाया

**ख. निम्नलिखित शब्दों के समान तुक वाले शब्द लिखिए–**

क. सड़क     ख. माया

## पाठ से संबंधित

**प्र03 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

आज तो मज़ा ही आ गया। माँ पिताजी, प्रियंका, मैं (श्रेयस) और मेरा सबसे प्यारा दोस्त अन्नू हम सब ''ड्रिज़लिंग लैंड वाटर पार्क'' गए थे, यह दिल्ली मेरठ रोड पर स्थित है। हाल ही में ड्रिज़लिंग लैंड वॉटर पार्क का विस्तार करते हुए इसके आकार को दोगुना कर दिया है। उन लोगों ने इसमें कुछ नए विशाल झूलों को शामिल किया है, लेकिन सबसे मज़ेदार बात तो यह है कि उन्होंने इसके लिए पर्यटकों से अधिक पैसे लेने का मन नहीं बनाया है। इंपोर्टेड डिस्क कोस्टर और थ्रिलिंग रोलर कोस्टर का हमने खूब मज़ा लिया। हाल ही में इन लोगों ने यहाँ के हरित उद्यान को विकसित किया है। अभी कुछ देर पहले बारिश हुई थी, जो लोग यहाँ घूमने आए थे, वे सब यहाँ उपलब्ध 'वॉटर स्लाइडस के साथ प्राकृतिक वर्षा और बादलों से घिरे आसमान का आनंद ले रहे थे। वैसे आज रविवार होने के कारण भीड़ भी अधिक थी, 'वेव पूल' के किनारे बैठकर 'रियल बीच' जैसा लग रहा था, सचमुच, हम तो किसी और दुनिया में ही खो गए थे।

क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1. ''ड्रिज़लिंग लैंड वाटर पार्क'' कौन–कौन गए थे और यह वाटर पार्क कहाँ पर स्थित है?
2. वाटर पार्क में आए लोगों ने 'वाटर स्लाइड्स' के साथ–साथ किसका आनंद लिया था?

ख. निम्नलिखित वाक्य पर सही (√) या गलत (×) का निशान लगाइए–

1. 'वेव पूल' के किनारे बैठकर ''रियल बीच'' जैसा लग रहा था। (   )

प्र04 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

क. पटाखे कैसे बनाए जाते हैं?
ख. अरविंद को कोलकाता में क्या–क्या अच्छा लगा?
ग. एक साथ हज़ारों लोग कहाँ नहा रहे थे?
घ. धनसुख को क्या सपना आया?

प्र05 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–

क. एक आईना लेकर आओ। तब मैं इस ................. का समाधान करूँगा।
ख. मैं तुम्हें ................... की कुछ तस्वीरें भेज रहा हूँ ।
ग. श्रेयस के दादाजी ने उसे .................. लिखने की प्रेरणा दी थी।
घ. बच्चों ने खड़े होकर अध्यापिका का .................. किया।

प्र06 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ–

क. अनुपात ख. विस्तार ग. सैलानी घ. मुद्राएँ

प्र07 निम्नलिखित वाक्य किसने कहे–

क. अच्छा! तो पटाखे सभी को पसंद हैं।
ख. ''हूज़ूर, यह कैसे संभव है!''

प्र08 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए–

क. श्रेयस के दादाजी कहाँ रहते थे?
गाँव में / अमरीका में
ख. मिसेज़ रानू अय्यर ने श्यामपट्ट के पास क्या लटकाया?
चित्र / चार्ट पेपर

प्र09 निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी कीजिए–

क. समय का सबसे कहना है,
.............................................
इसको मत बरबाद करो,
.............................................

ख. नहीं काटना मुझको तुम,
.........................................
सूरज की किरणों से मिलकर

## व्याकरण से संबंधित

प्र010 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के भेद लिखिए–

क. मोहन नहा रहा है।
ख. लकड़हारे ने लकड़ियाँ काटीं।
ग. कांता शरमा रही है।

प्र011 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के भेद चुनकर लिखिए–

क. हमने आगरा में ताजमहल देखा। (सकर्मक क्रिया/अकर्मक क्रिया)
ख. सीता रुठ गई है। (अकर्मक क्रिया/सकर्मक क्रिया)

ग. विद्यार्थी पाठ पढ़ रहे हैं। (अकर्मक क्रिया/सकर्मक क्रिया)

प्र012 निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं के आधार पर उनके काल लिखिए–

क. नेहा गाना गा रही है।

ख. अमन साइकिल चला रहा था।

ग. नानी जी कल आएँगी ।

प्र013 निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं के आधार पर सही काल चुनकर लिखिए–

क. रमेश हँस रहा है। (भविष्यत् काल/वर्तमान काल)

ख. आकाश में पक्षी उड़ रहे थे। (वर्तमान काल/भूतकाल)

ग. हम मेला देखने जाएँगे। (वर्तमान काल/भविष्यत् काल)

प्र014 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

क. राहुल भगवान को मानता है वह ...................... है।

ख. मेरे पिताजी लेख लिखते हैं, वे .................. हैं।

ग. रणवीर गाँव का रहने वाला है, वह ........................ है।

प्र015 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक–एक शब्द लिखिए–

क. जो पढ़ा–लिखा न हो –

ख. खेती करने वाला –

ग. शहर में रहने वाला –

प्र016 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके वाक्य पुनः लिखिए–

क. मैंने पी लिया पानी।

ख. मैं कपड़ा रहा हूँ पहन।

ग. दादाजी पढ़ रहे हैं अखबार।

प्र017 कोष्ठक में दिए शुद्ध शब्दों को चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–

क. मैं बाज़ार से ..................... लेकर आई। (दवाईयाँ/दवाइयाँ)

ख. आज हमारे ...................... में छुट्टी है। (स्कुल/स्कूल)

ग. आज मुझे ........................ मिला। (पुरस्कार/पुरुस्कार)

प्र018 निम्नलिखित वाक्यों में सही मुहावरा चुनकर रिक्त स्थान भरिए–

क. कम अंक आने पर अध्यापक .................. हुए ।(लाल–पीला होना/नाक कटना)

ख. भारत की सेना ने पाकिस्तान की सेना के ................ कर दिए।
(नाक कट गई/दाँत खट्टे करना)

ग. जब मैंने अपनी सहेली से किताब माँगी तो उसने मुझे ................ दिया।
(अँगूठा दिखाना/कान काटना)

प्र019 कोष्ठक में दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द रिक्त स्थान में भरिए–

क. मेरी .................... (माता जी) अध्यापिका हैं।

ख. बाहर बहुत तेज़ ................... (हवा) चल रही है।

ग. ...............(ज़मीन) पर पानी गिरा है।

प्र020 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के सही पर्यायवाची शब्द पर (√) का निशान लगाइए–

क. सूरज बादलों में छिप गया है।

1. रवि 2. मंयक 3. राकेश

ख. आज बहुत तेज़ बारिश हो रही है।

1. मेघ 2. वर्षा 3. संध्या

ग. बगीचे में तरह–तरह के फूल खिले हैं।

1. वार 2. कपड़े 3. उपवन

प्र021 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द रिक्त स्थान में भरिए–

क. अध्यापक ने बुराई को त्याग कर ...................... करने की सीख दी।

ख. जन्म और ........................ भगवान के हाथ में हैं।

ग. हमें सच बोलना चाहिए ............................ नहीं ।

प्र022 कोष्ठक में दिए सही श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द चुन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–

क. बगीचे में .......................... घास लगी है। (हरि / हरी)

ख. मेरे पास रंग–बिरंगे .......................... हैं। (सूत / सुत)

ग. मैं नदी के .............................. पर खड़ी हूँ । (कूल / कुल)

प्र023 निम्नलिखित श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क. | तरंग | ख. | हंस | ग. | ओर |
| | तुरंग | | हँस | | और |

प्र024 जीवन में ''मीठी वाणी का महत्व'' बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

प्र025 ''सरदी के मौसम में पत्नीटॉप की सैर''पर सहायक सूची की मदद से एक अनुच्छेद लिखिए। (शब्द–सीमा 70–80)

सहायक सूचीः–सुबह जाना, गाड़ी द्वारा, हरियाली, बर्फ़ से ढकी, पहाडियाँ, सुंदरता, बर्फ़ के गोले, खेलना, खाना ले जाना, परिवार सहित, घोड़े की सवारी, लंबे–लंबे पेड़, मज़ा।